प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

...............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में प्रख्यात जैन संत आचार्य विद्यानन्द जी महाराज की 100वीं जंयती समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशेष स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महान जैन संत ने युवाओं को भारतीय संस्कृति के साथ जोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही एक वर्ष तक चलने वाले राष्ट्रीय श्रद्धांजलि समारोह की औपचारिक शुरूआत हो गई है। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्र सरकार द्वारा भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट के सहयोग से किया जा रहा है।

....................

प्रधानमंत्री ने आज पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। देश के विकास को आकार देने में उनकी भूमिका को याद करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनके प्रभावी नेतृत्व के लिए राष्ट्र उनका आभारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी बुद्धि और ज्ञान तथा अच्छे स्वभाव की आज भी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है।

....................

अजमेर के पुष्कर में प्रदेश का पहला राजकीय आवासीय वेद विद्यालय शुरू किया गया है। जल संसाधन मंत्री और पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने बताया कि विद्यालय में वेदों के अध्ययन के साथ–साथ संस्कार, शारीरिक और बौद्धिक विकास पर भी ध्यान दिया जायेगा। विद्यार्थियों को प्रशिक्षित आचार्यों के द्वारा चारों वेदों का अध्ययन कराया जाएगा। विद्यालय में इस शैक्षणिक सत्र से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और 15 जुलाई तक इच्छुक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने बजट 2024–25 में इस स्कूल को खोलने की घोषणा की थी।

....................

राज्य के सरकारी महाविद्यालयों में स्नातक में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की आखिरी तारीख तीन जुलाई कर दी गई है। पहले ये 25 जून तक ही थी। कॉलेज शिक्षा विभाग के आयुक्त डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने बताया कि पहले सेमेस्टर में विभिन्न संकायों में 2 लाख 68 हजार से अधिक सीटे उपलब्ध हैं। इनके लिए विद्यार्थी तीन जुलाई तक आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्रों का ऑनलाईन सत्यापन महाविद्यालयों द्वारा पांच जुलाई तक किया जायेगा। पहली अस्थाई प्रतीक्षा सूची सात जुलाई को और प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची 14 जुलाई को प्रकाशित की जायेगी। शिक्षण कार्य 16 जुलाई से शुरू होगा।

....................

दौसा में जयपुर–आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग–21 पर कल रात एक सड़क हादसे में कार में सवार तीन महिला सहित चार लोगों की मृत्यु हो गई। ये दुर्घटना तेज रफ्तार कार के ट्रक में पीछे से टकराने से हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सभी मृतक हरियाणा के रोहतक जिले के निवासी थे जो मेहंदीपुर बालाजी मंदिर दर्शन कर लौट रहे थे। घटना के बाद हाईवे पर यातायात बाधित हुआ जिसे पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हटाकर सुचारू कराया।

....................

सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन आरसीए का नया संयोजक बनाया गया है। लंबे समय से जारी विवाद के चलते राज्य सरकार ने ये फैसला लिया और एडहॉक कमेटी में बदलाव किया है। सहकारी समितियां की रजिस्ट्रार मंजू राजपाल की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि नई एडहॉक कमेटी को सितम्बर तक आरसीए की कार्यकारिणी के चुनाव कराने होंगे। कमेटी में धनंजय सिंह, आशीष तिवाडी, मोहित यादव और पिंकेश कुमार जैन को भी सदस्य बनाया गया है।

....................

राज्य के विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी इलाकों में हल्की से मध्यम बरसात दर्ज हुई। सबसे अधिक लगभग 7 सेंटीमीटर पानी जैसलमेर में बरसा। बारिश से गडीसर तालाब सहित अन्य जलस्त्रोतों में पानी की अच्छी आवक हुई। वहीं प्रदेश के जलस्त्रोतों में भी पानी की लगातार आवक हो रही है। टोंक के बीसलपुर बांध का जलस्तर 2 सेमी बढ़कर 312 दशमलव 57 आरएल मीटर हो गया है। वही हिंडौन सिटी स्थित जगर बांध में नदी नालों से पानी आ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जोधपुर और बीकानेर संभाग में अगले 3–4 दिन छुटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। 2 से 5 जुलाई के

दौरान बारिश की गतिविधियों में फिर से बढ़ोतरी होने की संभावना है। वहीं पूर्वी हिस्सों में 2–3 दिन बारिश की संभावना है। 2 जुलाई से मॉनसून की सक्रियता बढेगी और इन स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा।

.....................